सिंगल युज प्लास्टिक पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 32,500 अर्थ दंड वसूला

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई द्वारा लगातार सिंगल युज प्लास्टिक बड़ी कार्रवाई की जा रही है इसी के अंतर्गत आज पावर हाउस सर्कुलर मार्केट में स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली अपनी अपने स्वास्थ्य विभाग के टीम के धावा बोल दिए। बार–बार समझे देने के बाद भी, व्यापारी सिंगल युज प्लास्टिक बेच रहे थे। 85 दुकानदानो से सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्यवाही की गयी। नगर निगम के टीम को देखकर व्यापारी सिंगल प्लास्टिक को इधर–उधर फेंकने लगे। कोई कहीं छुपाता, कोई कहीं छुपाता, इतना बचा हुआ था आगे से नहीं बचेंगे यही सब बहाना बना रहे थे। बड़ी–बड़ी दुकानों द्वारा भी गंदगी फैलाई जा रही थी । पुराने वासी खाद्य सामग्री को मिलाकर के बेचा जा रहा था। इन सभी पर भी चेतावनी देते हुए जुर्माने की कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य विभाग के टीम के द्वारा 32 दुकानों पर 32500 रुपये जुर्माना किया गया। प्रमुख दुकान पॉपुलर प्लास्टिक, मनीष टी कंपनी,पवन पुत्र टी स्टॉल, सिंह ट्रेंडिंग, न्यू भारत प्लास्टिक, रुक्मणी एजेंसी, पवन पुत्र टी कंपनी, दीपक किराना, दुकान एजाज अहमद पावर हाउस, पूजा किराना स्टोर,कृष्ण ट्रेडर्स,संजय चना दुकान, शारदा चना,जैन मार्ट,रामाश्रय गुप्ता, गुप्ता कबाड़ी आदि। 50 से अधिक दुकानों को समझाइस दिया गया। प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। इन होटल में गंदगी पायी गयी। नवरंग डेयरी, गुरु नानक बेकरी, बिहार होटल, मां जगदंबा स्वीट्स, शंकर डेयरी, समीर डेयरी के विरूद्ध भी कार्यवाही की गई। सिंगल यूज प्लास्टिक शासन के आदेशानुसार प्रतिबंधित है। यह सबके लिए हानिकारक है। पर्यावरण स्वास्थ्य, सफाई सभी दृष्टिकोण से इसको रखना, इसमें सामग्री बेचना, इसमें रखी गई सामग्री को खाना नुकसानदेह है।महापौर नीरज पाल आयुक्त देवेश ध्रुव ने व्यापारियों एवं आम नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए अपील की है कि मौसमी बीमारियों से बचने के लिए साफ सफाई पर ध्यान दें। पानी उबालकर पिए, हाथ धोकर साफ सुथरा भोजन करें। किसी प्रकार का तकलीफ होने पर डॉक्टर से परामर्श लेकर इलाज करवावे। नगर को साफ सुथरा, स्वच्छ रखने के लिए सिंगल प्लास्टिक का उपयोग न करें। कार्रवाई के दौरान जोन के स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, वीरेंद्र बंजारे, हेमंत माझी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, प्रवीण कुमार, बीरबल बघेल, नरेंद्र भारती, सुरेश पटेल, धन बहादुर सोनी, दानी लाल, सोनू सोनवानी आदि उपस्थित रहे।